# राहुल गांधी से भेंट कर मैहर की महिमा का किया वर्णन, मां शारदा की पवित्र छबि किया भेंट

## पचमढ़ी में प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने किया जन संवाद

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 9 नवम्बर। मध्यप्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित जिलाध्यक्ष विशेष प्रशिक्षण शिविर पचमढ़ी में आज वह क्षण विशेष बन गया जब मैहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने सपरिवार कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भेंट कर जगत जननी मां शारदा मैहर वाली की पवित्र छवि भेंट की।**

इस अवसर पर धर्मेश घई के साथ श्रीमती दीपा घई एवं शनि घई उपस्थित रहे। उन्होंने राहुल गांधी को मैहर की आध्यात्मिक महिमा, सांस्कृतिक परंपरा और मां शारदा धाम के लोक आस्था केंद्र के रूप में महत्व बताया। राहुल गांधी ने सादगीपूर्ण और आत्मीय भाव से इस भेंट को स्वीकार किया तथा मां शारदा की कृपा सभी पर बनी रहे



यह मंगलकामना व्यक्त की। उनका यह सौम्य और सहज व्यक्तित्व विनम्र मुस्कान और जनसरोकार से जुड़ा रूप उपस्थित सभी प्रतिनिधियों के मन में गहरी छाप छोड़ गया। धर्मेश घई ने बताया कि राहुल जी ने पूरे मनोयोग से मैहर की संस्कृति, मां शारदा के मंदिर और वहां की श्रद्धा-परंपरा के बारे में रुचि दिखाई। यह हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण था।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को नीतिगत दिशा देने और जनसंवाद की नई रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। मैहर से सपरिवार पहुंचकर धर्मेश घई ने न केवल संगठनात्मक उपस्थिति दर्ज की, बल्कि मां शारदा की पवित्र भेंट से कांग्रेस परिवार में आस्था और आत्मीयता का संदेश भी दिया।

# स्वाति सिंह डीएसपी पद पर चयनित



**नवभारत न्यूज**

**रामनगर 9 नवम्बर। पूर्व जनपद अध्यक्ष राजीव सिंह झिन्ना की सुपुत्री सुश्री स्वाति सिंह बघेल का चयन डीएसपी पद हुआ है। इससे परिवार, क्षेत्र और जनपद का गौरव बढ़ा है।**

स्वाति के चयनित होने पर परिवार, गांव, क्षेत्र के लोगों ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि निश्चित रूप से आपने अपने परिवार, क्षेत्र और जनपद का नाम गौरवान्वित किया है।

यह हमारे लिए गर्व की बात है कि बिटिया ने 2019 के बाद सेल्फ स्टडी के माध्यम से यह अद्भुत सफलता प्राप्त की है, जो सभी युवाओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। हम सभी क्षेत्रवासी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# दुर्गेश व्यास सहकारिता निरीक्षक के पद पर चयनित



**नवभारत न्यूज**

**सतना 9 नवम्बर। जिले के जासो थाना अंतर्गत बहेरवा गांव के दुर्गेश व्यास ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही सहकारिता निरीक्षक के पद पर चयनित होकर पूरे गांव का ही नहीं बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है।**

दुर्गेश के पिता स्व.संतोष कुमार व्यास का साया बचपन में ही उठ गया था माता जी एक गृहणी हैं, श्रवण बाधित होते हुए भी दुर्गेश ने ट्यूशन और कोचिंग पढ़ाकर कठिन परिश्रम और लगन से इस परीक्षा में सफलता प्राप्त किया । इससे परिवार और गांव में हर्ष है। इस सफलता पर उनकी माता द्रोपदी बाई व्यास जयनारायण व्यास, रामनारायण व्यास व बड़े भाई शिवनारायण व्यास, रजनीश व्यास, प्रशांत कुमार गौतम, माहेश्वरी मिश्रा, आयुष व्यास, गोलू मिश्रा, योगेश द्विवेदी मित्र व सभी ग्रामीण जनो ने हर्ष व्यक्त किया।

# मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति मुकुन्दपुर की हुई जनसभा

## मुकुन्दपुर से दिल्ली तक आवाज उठाने का ऐलान

**नवभारत न्यूज**

**मुकुन्दपुर 9 नवम्बर। मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर, धोबहट, आमिन, परसिया, आनन्दगढ़ ,पपरा आदि पंचायत मैहर जिले से कट कर रीवा जिले में जुड़ने के लिए मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति मुकुन्दपुर का गठन कर मुकुन्दपुर में विशाल जनसभा का आयोजन सम्पन्न किया गया।**





जनसभा में हजारों की तादाद में उपस्थित होकर अपने-अपने विचार रखे । मिशन के मार्गदर्शक के.बी.मिश्रा सेवानिवृत्त वन परिक्षेत्र अधिकारी आनन्दगढ़ एवं पूर्व सरपंच चंडिकेश्वर सिंह तिवारी कोषाध्यक्ष परसिया, संरक्षक मिजाजी लाल तिवारी सेवानिवृत्त आयुक्त रीडर रीवा, संरक्षक शैलेन्द्र प्यासी धोबहट सेवानिवृत्त वन परिक्षेत्र अधिकारी, मोहम्मद इसहाक मदनी वरिष्ठ पत्रकार मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी, शिवेश सिंह चंदेल सरपंच आमिन, शैलेन्द्र सिंह चंदेल आमिन, दिनेश सिंह बघेल कस्तरा सेवानिवृत्त शिक्षक, महेंद्र तिवारी सेवानिवृत्त वन सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी मुकुन्दपुर, कमलाकर पाण्डेय,आलोक पाण्डेय धोबहट आदि लोगों ने अपने - अपने उद्बोधन में उक्त सभी उपस्थित लोगों को रीवा जिला में जुड़ने हेतु उत्साहित किये। मंच का संचालन सीताशरण गुप्ता सेवानिवृत्त शिक्षक ने किया। छाया कार सुदामा प्रसाद नामदेव ने किया और सभी उपस्थित विशाल जनसभा के द्वारा उद्बोधन और आभार मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति मुकुन्दपुर के अध्यक्ष कौशलेंद्र शरण शुक्ल पूर्व सरपंच एवं सेवानिवृत सेना ने किया।

# ग्रामोदय के दो छात्र सहायक प्राध्यापक परीक्षा में हुए सफल

## कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने हर्ष व्यक्त किया, राजनीति शास्त्र में चयनित छात्र रागेंद्र मिश्रा रीवा और अनिल मालवीय शाजापुर जिले के निवासी

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट, 9 नवंबर । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दो पूर्व छात्र मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा में राजनीति शास्त्र विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित किए गए हैं।**





चयनित छात्र रागेंद्र मिश्रा रीवा जिले के और अनिल मालवीय शाजापुर जिले के निवासी है। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ये दोनों विद्यार्थी दूरवर्ती मोड के छात्र थे। लोक सेवा आयोग मध्य प्रदेश द्वारा निर्गत सहायक प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र) की परिणाम /चयनित सूची के क्रमांक 41 में अंकित रागेंद्र मिश्रा ग्राम कुल्लू, बीड़ा जिला रीवा के निवासी है और इन्होंने दूरवर्ती मोड से संचालित एम ए राजनीति शास्त्र का पाठ्यक्रम सत्र 2022-23 में उत्तीर्ण किया था।

इसी प्रकार क्रमांक 59 में अंकित अनिल मालवीय ग्राम बांका खेड़ी, पोलाप कला जिला शाजापुर (मध्य प्रदेश) के निवासी है और इन्होंने दूरवर्ती मोड से संचालित एम ए राजनीति शास्त्र का पाठ्यक्रम सत्र 2018-19 में उत्तीर्ण किया था। विद्यार्थियों की इस सफलता पर निदेशक (दूरवर्ती) प्रो. कमलेश कुमार थापक, कुलगुरु के निजी सहायक डॉ जय प्रकाश तिवारी, कुलसचिव के निजी सहायक संजय कुमार त्रिपाठी, शिक्षार्थी समन्वयक संध्या द्विवेदी सहित ग्रामोदय विश्वविद्यालय के स्टाफ दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने बधाई दी है।

# ग्रामोदय में कल भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान माला

**चित्रकूट, 11 नवंबर ।** नैक से ए डबल प्लस ग्रेड और यू.जी.सी. से फर्स्ट कैटेगरी की स्वायत्तता प्राप्त महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आगामी 11 नवंबर 2025 को भारतीय ज्ञान परम्परा व्याख्यान माला का आयोजन होगा।भारतीय साहित्य में ज्ञान परम्परा इसका विषय निर्धारित किया गया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि एवं वक्ता अशोक कडेल, निदेशक, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल होंगे। अध्यक्षता प्रो0 भरत मिश्र कुलगुरु करेंगे।

# टीडी ने एसटीएल को तथा टीआरएस ने एसएस 11 को हराया

## छठवीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति कोठी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 9 नवम्बर। खेल मैदान कोठी में जारी छठवीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज लीग के दो मुकाबले खेले गए जिसमें टीडी की टीम ने एसटीएल को 6 विकेट से हराया ,वहीं टीआरएस ने एसएस 11 को 5 विकेट से हराया ।**



आज का पहला मैच टीडी एवं एसटीएल के मध्य खेला गया जिसमें एसटीएल की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 113 रन बनाए जिसको बड़ी आसानी से टीडी की टीम ने हासिल कर लिया और 6 विकेट से मैच जीत गई नितेश सिंह सानू को मैच में बेहतर प्रदर्शन करने के बदौलत मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया ,वही दूसरा मुकाबला टीआरएस एवं एसएस11 की टीम के मध्य खेला गया जिसमें एसएस11 ने पहले बैटिंग करते हुए 129 रन बनाए 130 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीआरएस की टीम पांच विकेट से मैच जीत गई मुकुल सिंह मैच में बेहतर प्रदर्शन करने की बदौलत मैन ऑफ द मैच रहे इस दौरान आयोजन समिति के सदस्य सहित कई सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद रहे।

### एक नजर में



#### परमानंदेश्वर महादेव शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन, हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**कोठी** ।समीपी गांव दिदौंध के महादेव शिव मंदिर प्रांगण में आज रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया गांव के समाजसेवी अजय सिंह अज्जू के तत्वाधान में मंदिर स्थल पर शनिवार को अखंड संगीतमय श्री रामचरितमानस के पाठ का आयोजन किया गया जो प्रातः रविवार को संपन्न हुआ इसके उपरांत पूजा हवन कर कन्या भोजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग राजनीतिक सामाजिक सभी लोगों ने पहुंचकर भंडारा प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया।




#### पूर्व विधायक ने घर पहुंच कर अर्पित की श्रद्धांजलि

**कोठी** ।रैगांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामों का भ्रमण कर जनसंपर्क किया साथ ही क्षेत्र में दिवंगत हुए लोगों के घर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों को साहस बधाया, विधानसभा क्षेत्र के करहिया चुरहाई गोरैया, पैकौरी , खड़ौरा, खड़ौरी,कूची सहित कई अन्य ग्रामों में पहुंचकर जनसंपर्क किया एवं पिछले दिनों क्षेत्र के लोगों के आकस्मिक निधन पर उनके निवास पहुंचकर परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त की एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की दुख की इस घड़ी में लोगों से मिलते हुए परिवार जनों को साहस बढ़ते हुए कहा कि हम सभी आपके साथ हैं और सदैव रहेंगे दुख एवं सुख दोनों जीवन का हिस्सा है जो आता है और जाता है जिसने जन्म लिया है उसको एक दिन यहां से जाना ही है बस हमारे कार्य सही होने चाहिए जिससे किसी बात का खेद ना हो इस दौरान उनके साथ कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### 32 दुकानें बन कर तैयार, नगर परिषद ने जारी किया टेंडर

**कोठी।** नगर परिषद कोठी ने नगर विकास में एक कदम आगे बढ़ाते हुए कार्यालय के ठीक सामने नगर परिषद ने नई 32 दुकानों का निर्माण कराया है जो अब बनकर पूर्ण रूप से तैयार हैं जिनका पिछले दिनों टेंडर भी जारी कर दिया गया है ।टेंडर में आरक्षण प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए सभी जाति वर्गों का समन्वय किया गया है परिषद ने बताया कि दुकानों के टेंडर जारी हो जाने से जल्द ही दुकान संचालित होगी और लोग अपना सुव्यवस्थित व्यापार कर सकेंगे।



# 9 कुंडीय श्री लक्ष्मी महायज्ञ का जगतगुरू के सानिध्य में हुआ भूमि पूजन

**नवभारत न्यूज**

**उचेहरा 9 नवम्बर। मां खेरमाई मंदिर परिसर में 14 दिसंबर से 21 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 9 कुंडीय श्री लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के लिए भूमि पूजन का आयोजन जगतगुरु स्वामी श्री जयराम देवाचार्य जी महाराज की पावन सानिध्यता में एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह जूदेव के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ ।**



इसके पूर्व महिलाओं द्वारा संगीतमय भजन कीर्तन भी हुआ । जिमसें बड़ी संख्या में महिलाओं उपस्थित रही। इस अवसर पर जगतगुरु स्वामी जयराम देवाचार्य जी महाराज ने कहा कि आयोजित होने वाला कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से किया जा रहा है और इस आयोजन में जिसकी जैसी शक्ति हो वह तन मन और धन से सहयोग करते हुए भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की कृपा प्राप्त कर सकते हैं।

ज्ञात हो कि नगर में इतने व्यापक स्तर पर यह धार्मिक आयोजन पहली बार किया जा रहा है। भूमि पूजन में विशेष रुप से निरंजन प्रजापति, बसंत लाल निगम, राजेंद्र ताम्रकार, भरत लाल ताम्रकार, बबलू ताम्रकार, अशोक द्विवेदी, राजकुमार ताम्रकार, राकेश ताम्रकार, अरुणेंद्र ताम्रकार, केशव ताम्रकार, सोमचंद प्रजापति, गोलू ताम्रकार मौसम निगम, संतोष ताम्रकार, किरण ताम्रकार, सुनील ताम्रकार, रमेश ताम्रकार, गुड्डू वाजपेई, तृप्ति ताम्रकार, आशीष उरमलिया, हेमू सोनी, नरेंद्र द्विवेदी, आशीष तिवारी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन मौजूद रहे।



# शिशु मंदिर में रंगमंचीय कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 9 नवम्बर। विद्या भारतीय अखिल शिक्षा संस्थान सप्त शक्ति संगम सरस्वती शिशु मंदिर कोटर में रंगमंचीय कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया की धर्मपत्नी श्रीमती शुभांगी सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी डॉ पूजा द्विवेदी ,कोटर मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी, नगरपरिषद अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, सभापति बबलू गौतम, संसाद प्रतिनिधि शांति स्वरूप अग्रवाल,पार्षद पंकज कुशवाह, सुरेश पयासी, आंनद पाठक, मनोज,रामकलेश त्रिपाठी गिरीश पांडेय,और सभी मातृशक्ति और शिक्षक उपस्थित रहे।

# नागौद मंडल में विशेष गहन पुनरीक्षण की हुई कार्यशाला

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 9 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय के निर्देश पर मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण 2025 के नागौद मंडल के बूथों की कार्यशाला में शक्ति केंद्र रहिकवारा के बूथ क्रमांक 74, 75, 76, 77, 78, 79 की कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री एवं मतदाता सूची विशेष गहन परीक्षण के विधानसभा के संयोजक श्री कृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट) उपस्थित रहे।**



तथा मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी मंडल नागौद के मंडल अध्यक्ष पुलकित टंडन उपस्थित रहे तथा बूथ की कार्यशाला की अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच रहिकवारा प्रकाश द्विवेदी तथा भारतीय जनता पार्टी मंडल नागौद के मंडल उपाध्यक्ष सुभेष गौतम उपस्थित रहे। कार्यशाला में दुर्गेश गौतम, पुष्पेंद्र कुमार साहू, साहू ओम प्रकाश गुप्ता, सत्येंद्र सोनी, विनय विश्वकर्मा, नरेंद्र कुशवाहा, रविशंकर तिवारी, रामप्रताप, रामानंद पांडे, राकेश सिंह, रामसनेही चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिरीन ने अपनी पॉकेट मनी से 12 जोड़ों को दिए तोहफा

## अल बरकात सोसाइटी द्वारा आयोजित सामूहिक शादी में बाल समाजसेविका की प्रेरक पहल

**नवभारत न्यूज**

**सतना 9 नवम्बर। अल बरकात सोसाइटी द्वारा आयोजित सामूहिक शादी समारोह में इस बार एक अनोखी मिसाल देखने को मिली। शहर की बाल समाजसेविका शिरीन खान ने अपनी पॉकेट मनी की बचत से 12 नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक घरेलू सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की।**



शिरीन खान बचपन से ही इस तरह की समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रही हैं। वे जरूरतमंदों की सहायता कर समाज में संवेदनशीलता और मानवता का संदेश देती रही हैं। शिरीन ने कहा कि अगर हम अपनी छोटी-छोटी खुशियों में से थोड़ा हिस्सा दूसरों के काम में लगाएँ, तो समाज और भी सुंदर बन सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों और आयोजकों ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिरीन की सोच और कार्य नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरक उदाहरण हैं। शिरीन खान के इस कार्य पर उनके माता-पिता शेरू खान और बेनज़ीर ताज़ीन खान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारी बेटी छोटी उम्र में ही समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझती है।

# भगवान भरोसे चल रहा चित्रकूट में सीवरेज का कार्य

## एक साल पहले अक्टूबर 24 में पूरा हो जाना था कार्य, अभी भी योजना अधर में, बुंदेली सेना ने सीएम से की जांच की मांग

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 9 नवंबर धर्मानगर चित्रकूट में मध्य प्रदेश शासन द्वारास 32 करोड़ की लागत से मध्य प्रदेश क्षेत्र में चल रहे सीवरेज चित्रकूट का कार्य भगवान भरोसे है अक्टूबर 2024 में इस कार्य को पूर्ण हो जाना था लेकिन एक साल से ज्यादा हो गये और अभी भी योजना अधर में है।**

ठेकेदार की इस मनमानी को लेकर बुंदेली सेना ने सीएम मोहन यादव को पत्र भेजा है और जल्द से जल्द सीवरेज कार्य पूरा कराने की मांग की है बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश क्षेत्र के चित्रकूट में सीवरेज से मंदाकिनी नदी का बड़ा प्रदूषण कम होना था नयागाँव से लेकर कामतन तक 5 हजार से ज्यादा घरोंए प्रतिष्ठानों मठ और मंदिरों को सीधे सीवरेज से जोड़ने का लक्ष्य था ताकि नाला नाली के जरिए मंदाकिनी नदी में जाने वाली गंदगी सीधे सीवर से ट्रीटमेंट प्लांट पहुंच जाय स शुरुआत में योजना को लेकर क्षेत्रीय लोग उत्साहित और खुश थे कि मंदाकिनी नदी प्रदूषण मुक्त हो जायेगी स लेकिन सीवरेज के ठेकेदार की मनमानी और ढुलमुल नीति से लोगों में बड़ा आक्रोश है सीवरेज योजना को अक्टूबर 2024 में पूरा हो जाना था लेकिन एक साल से ज्यादा का समय बीत गया और योजना आधी अधूरी पड़ी है योजना के तहत भरतघाट में नया पम्पिंग हाऊस बनना है।





साथ ही घरों में कनेक्शन भी बमुश्किल 15 सौ के आसपास बताए जाते हैं स युद्ध स्तर पर काम शुरु भी होता है तो 6 महीने से ज्यादा का समय लगेगा लेकिन दावा किया जा रहा है कि इस बार जनवरी में योजना शुरु हो जायेगी जबकि स्थानीय लोग बार .बार के झूंठ और हर बार नई तारीखों के मिलने से आक्रोशित हैं बुंदेली सेना ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डाण् मोहन यादव को पत्र भेजकर सीवरेज योजना की जांच कराने और जल्द से जल्द इसे पूरा कराने की मांग की है